दिनांक 10.03.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश में 31 हजार 825 मेगावॉट बिजली उत्पादन और खरीद के लिए एक लाख साठ हजार करोड़ रुपये का हुआ एमओयू–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा ऊर्जा उत्पादन के साथ राजस्थान के विकास को नई गति मिलेगी।

- तीन पूर्व मंत्रियों समेत पच्चीस से अधिक कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

- राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज – मतदाता सूची में अपना नाम खोजने की प्रक्रिया के तहत सभी मतदान केन्द्रों पर ''आओ बूथ चलें'' अभियान आयोजित।

- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी से सर्दी के असर में कमी।

0000

प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से आज थर्मल और अक्षय ऊर्जा के उत्पादन की नई परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार और केन्द्र सरकार उपक्रमों के बीच पांच एमओयू और एक पावर परचेज एग्रीमेंट किया गया। 31 हजार 825 मेगावाट क्षमता के बिजली उत्पादन और खरीद के लिए एक लाख साठ हजार करोड़ रुपये के समझौते पत्र हस्ताक्षर किये गये। इनमें थर्मल, सौर और पवन तीनों तरह की ऊर्जा शामिल है। प्रदेश के तीनों डिस्कॉम और छह केन्द्रीय उपक्रमों के बीच एमओयू हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एमओयू से ऊर्जा उत्पादन के साथ–साथ राजस्थान के विकास की दिशा में नये कीर्तिमान स्थापित होगें।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के आजमगढ जिले से 34 हजार करोड रुपये से अधिक राशि की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि वे भारत को 2047 तक विकसित बनाने का वायदा पूरा करने के लिए पूरी गति से काम कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि देश के युवाओं को रोजगार और शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए डबल इंजन की सरकार निरंतर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष के कारण पूर्वांचल में कई दशकों तक जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति की गई लेकिन पिछले दस वर्षों में इस इलाके में विकास की राजनीति की जा रही है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मार्च को 85 हजार करोड़ रूपये से अधिक की रेल परियोजनाओं, रेल विकास कार्यों और यात्री सुविधाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही वे 10 वंदे भारत ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में राजस्थान में 61 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल्स, 5 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल, 19 गुड्स शेड, 22 डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर स्टेशन, 3 दोहरीकरण, नई रेल परियोजनाओं और 2 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र और 74 सोलर स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगा। वहीं कल प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से जयपुर में अमृतसर–जामनगर इकॉनॉमिक कॉरिडोर सेक्शन की करीब 18 सौ करोड़ रूपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं देश को समर्पित करेंगे।

0000

प्रदेश में आज तीन पूर्व मंत्रियों समेत पच्चीस से अधिक कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा मुख्यालय जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे लालचंद कटारिया, राजेंद्र यादव और खिलाड़ी लाल बैरवा भाजपा में शामिल हुए। इसके अलावा नागौर के नेता, पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा और विजयपाल मिर्धा ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वहीं मेवाड़ क्षेत्र के नेता रणधीर सिंह भिंडर भी अपने समर्थकों के साथ दोबारा भाजपा में सम्मिलित हो गये हैं। इसके साथ ही उन्होंने जनता सेना का भाजपा में विलय किये जाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव सहित कई नेता मौजूद रहे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख पच्चीस नेताओं में पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, रिजु झुनझुनवाला, रामपाल शर्मा, अनिल व्यास, पूर्व आईएएस ओंकार सिंह चौधरी और अन्तरराष्ट्रीय बाडीबिल्डर प्रिया सिंह मेघवाल प्रमुख हैं।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी कल नई दिल्ली में सशक्त नारी—विकसित भारत कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में नमो ड्रोन दीदी योजना की लाभार्थी महिलाएं कृषि ड्रोन का प्रदर्शन करेंगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एक हजार नमो ड्रोन दीदी को ड्रोन सौंपेंगे। नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी विशेषकर ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री के अभियान का हिस्सा हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उन लखपति दीदी को सम्मानित भी करेंगे जिन्होंने दीनदयाल अन्त्योदय योजना की सहायता से सफलता हासिल की है। श्री मोदी स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण के रूप में लगभग आठ हज़ार करोड़ रूपए की राशि भी वितरित करेंगे। ये ऋण कम ब्याज दर पर दिए जा रहे हैं।

0000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में मतदाता सूची में अपना नाम खोजने की प्रक्रिया के तहत आज प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर ''आओ बूथ चलें'' अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मतदाताओं ने मतदान केन्द्रों पर अपना नाम, क्रमांक और मतदान केन्द्र के बारे में जानकारी ली। शाम 6 बजे तक चलाये गये इस अभियान के दौरान वोटर हेल्पलाइन, ईसीआई—सक्षम, केवाईसी और सी—विजिल जैसे एप्स और मतदाता जागरूकता पोस्टर्स का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं तथा व्हीलचेयर और परिवहन सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। सवाईमाधोपुर और दौसा जिले में आज आओ बूथ चले अभियान को लेकर मतदाताओं में उत्साह नजर आया। मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मतदाता सूची में किसी कारण नाम नहीं होने वाले मतदाताओं की समस्याओं का समाधान भी किया गया। लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर दौसा जिले में कई स्थानों पर बीएसएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने आज बूंदी में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को किसानों तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोटा और बूंदी के सभी असिंचित क्षेत्र को सिंचित बनाया जाए ताकि किसानों की उपज बढ़े और उन्हें लाभ हो।
जलसंसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि ईआरसीपी से बूंदी जिले के लाखेरी और इंद्रगढ़ क्षेत्र को जोड़ा जा रहा है, जिससे वहां पेयजल और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इससे पहले श्री बिरला ने बूंदी के खेल संकुल में 5 करोड़ की लागत से बने अन्तरराष्ट्रीय स्तर के स्वीमिंग पूल, तारागढ़ और ऐतिहासिक महत्व के अन्य स्थलों पर फसाड लाइट्स कार्य का लोकार्पण तथा नवल सागर में 9 करोड रूपये से अधिक लागत से बनने वाले म्यूजिक और लाइट शो कार्य का भी शिलान्यास किया।

केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी आज झालावाड़ जिले के दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने झालरापाटन के प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर और गागरौन किले का भी अवलोकन किया।

0000

प्रदेश में पेट्रोल पम्प संचालकों की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल का मिला–जुला असर रहा। राजधानी जयपुर में आज अधिकांश पेट्रोल पम्प बंद रहे। वहीं दौसा जिले में भी लगभग 110 से अधिक पेट्रोल पम्प बंद रहे। अजमेर जिले में पेट्रोल पम्प संचालक राज्यव्यापी हड़ताल में शामिल नहीं हुए इसके कारण सामान्य दिनों की तरह पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल–डीजल की बिक्री जारी रही।
राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि वेट दरों में कमी करने और डीलर्स कमीशन में बढोतरी सहित कई मांगों को लेकर यह हड़ताल 12 मार्च तक जारी रहेगी।

0000

नागौर जिले के डेगाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई। बच्छवास गांव के पास हुए इस हादसे में एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे एक परिवार के चार लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई।

0000

अजमेर, ब्यावर और केकड़ी जिलों की 11 पंचायत समितियों की 325 ग्राम पंचायतों में शहरों की तर्ज पर घर–घर कचरा संग्रहण का कार्य शुरू किया जाएगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित गोयल ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों को इस महीने के आखिर तक योजना से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कचरा संग्रहण के लिए ऑटो टिपर, ई–रिक्शा और छोटे ट्रैक्टर–ट्राली की खरीददारी पंचायत समिति अपने स्तर पर करेगी।

0000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी से सर्दी का असर कम होने लगा है। अधिकांश स्थानों पर दिन और रात के तापमान में बढोतरी देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। वहीं अधिकतम तापमान 25 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी 13 मार्च से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पश्चिमी और उत्तरी भागों में बारिश होने की संभावना है। इसके असर से जोधपुर और बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर बादल छाये रहने और हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है।

0000